प्रेस विज्ञप्ति

आचार्य महाप्रज्ञ चातुर्मास व्यवस्था समिति

सरदारशहर 331 401

Email : terapanthpr@gmail.com * Fax : 01564-220 233

आचार्य महाश्रमण ने की घोषणा
2012 का मर्यादा महोत्सव होगा आमेट में

सरदारशहर 12 जून, 2010

मेवाड़ क्षेत्र के राजसमंद जिले के आमट से संघ के रूप में आए आमेटवासियों की पूरजोर अर्ज पर आचार्यश्री महाश्रमण ने 2012 का मर्यादा महोत्सव आमेट में करने की घोषणा की तो मेवाड़ वासियों के चेहरे पर हर्ष की लहर छा गई।

आचार्यश्री महाश्रमण ने कहा पूर्व में घोषित 2012 का मर्यादा महोत्सव गंगाशहर था अब द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अनुकूलता रहने पर राजसमंद जिले केआमेट क्षेत्र में किया जायेगा।

इस अवसर पर आमेट से समागत तेरापंथ महिला मण्डल, तेरापंथ कन्या मण्डल ने अपनी भावनाएं गीत के माध्यम से व्यक्त की। उत्तमचंद बोहरा, कन्हैयालाल, महेन्द्र बोहरा, रोशनलाल सुराणा, सलील लोढा, प्रमोद बोहरा, लक्ष्मणसिंह कर्णावट आदि ने मर्यादा महोत्सव हेतु जोरदार अर्ज की।

इससे पूर्व आचार्यश्री महाश्रमण ने धम्मपद और उत्तराध्ययन के तुलनात्मक प्रवचन में कहा कि जा जो केवल स्वाध्याय करता है किंतु आचरण नहीं करता हे वह श्रावकत्व का अधिकारी नहीं हो सकता है।

आचार्यश्री महाश्रमण ने चौरड़िया प्रशाल में निर्मित पण्डाल में उपस्थित धर्मसभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि प्रवचन के द्वारा जो बात सुनते हैं वह कुछ अंशों में जीवन में उतारे तो सुनना और हमारा प्रवचन देना दोनों की सार्थकता हा सकती है।

आचार्यश्री महाश्रमण का संभावित कार्यक्रम –

26 जून, 2010 से 4 जुलाई, 2010 तक श्रीसमवरण मं

5 जुलाई, 2010 मघवा स्मारक

6 जुलाई, 2010 पोकरमल बुच्चा के निवास स्थान पर आचार्यश्री महाश्रमण प्रवास करेंगे।

शीतल बरड़िया

(मीडिया संयोजक)